# नेपा लिमिटेड में इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग प्रणाली का किया गया शुभारंभ




**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी ।**

भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासकीय भवन में मंगलवार को अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक कमोडोर सौरभ देब के मुख्य आतिथ्य और मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी), श्री आर. अलागेंसन के विशिष्ट आतिथ्य में इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग ( श्वत्रक्क) प्रणाली का दीप प्रज्वलन कर सिस्टम पर क्लिक करके शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक कमोडोर देब द्वारा ERP आधुनिक कार्यप्रणाली के क्रियांवयन के साथ एशिया महाद्वीप की सबसे पुरानी मिल को नये जमाने के नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी के साथ कदमताल करने की दिशा में अग्रसर होने पर सभी अधिकारियों /कर्मचारियों को बधाई प्रेषित की। विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी), श्री आर. अलागेसन द्वारा प्रणाली को आधुनिक उद्योग जगत में पारदर्शिता और प्रामाणिकता का एक सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि संस्थान में हम कम्प्यूटर स्वाचलित प्रणाली द्वारा विश्वसनीय और सटीक डेटा विश्लेषण के साथ मानवीय त्रुटियों से परे कार्य की प्रभावकारिता, गुणवत्ता और अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। अवसर पर प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) महेन्द्र केसरी, (कम्पनी सचिव) पूर्णिमा पाराशर, सी. एल वर्मा, सुब्राजीत दास, विजय भामरे, विवेकानंद बरोले, ओ.पी.शुक्ला एवं नीलेश पाटिल सहित मिल के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम नेपा लिमिटेड के कमोडोर सौरभ देव के मुख्य आतिथ्य में रिसोर्ट प्लानिंग की ईआरपी प्रणाली का शुभारंभ

**बुरहानपुर (आर्ट इंडिया न्यूज)।** भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में मंगलवार को अध्यक्ष प्रबंधक निदेशक कमोडोर सौरभ देव के मुख्य अतिथि और मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी श्री आर अलागेसन के विशिष्ट अतिथि रिसोर्स प्लैनिंग ईआरपी प्रणाली का दीप प्रज्वलित कर सिस्टम पर क्लिक करके सफलतापूर्वक किया गया शुभारंभ।





अध्यक्ष प्रबंधक निर्देशक कमोडोर सौरभ देव द्वारा श्वक्क आधुनिक कार्यालय कार्यप्रणाली के क्रियान्वयन के साथ एशिया महाद्वीप की सबसे पुरानी अखबारी कागज कारखाना नेपा मिल को नए जमाने के नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकीय कदमताल करने की दिशा में अग्रसर होने पर सभी अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई दी। उल्लेखित यह भी है कि विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक श्री आर अलागेसन द्वारा ईआरपी प्रणाली को आधुनिक उद्योग जगत में पारदर्शिता और प्रमाणिकता का एक सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि संस्थान में हम कंप्यूटर स्वचालित प्रणाली द्वारा विश्वसनीय और सटीक डेटा विश्लेषण के साथ त्रुटियों से परे कार्य की प्रभावकारिता गुणवत्ता और अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। इस अवसर पर महेंद्र केसरी प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन सुश्री पूर्णिमा पाराशर कंपनी सचिव सी एल शर्मा, सुब्रजीत दास विजय विवेकानंद बरौले ओपी शुक्ला एवं निलेश पाटिल सहित मिल के विभिन्न विभाग में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 17-05-2023



# एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड में अब इंटरप्राइज्ज रिसोर्स प्लानिंग के तहत होगा काम

## मिल में ईआरपी सिस्टम का हुआ शुभारंभ, सीएमडी ने सिस्टम पर क्लिक कर की शुरुआत

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

ईआरपी यानी इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग के तहत अब नेपा मिल में काम होगा। हर प्रकार का डाटा त्रुटियों से परे होकर इस सिस्टम में रहेगा। किसी भी कंपनी में व्यवसाय को मुख्य प्रक्रियाओं के साथ एकीकृत करने के लिए इस सिस्टम को अपनाया जाता है। एशिया के पहले अखबारी कागज कारखाना में यह ईआरपी सिस्टम लगाया गया है।

भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासकीय भवन में मंगलवार को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक कमोडोर सौरभ देब के मुख्य आतिथ्य और मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी आर अलागेश के विशिष्ठ आतिथ्य में इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग यानी ईआरपी प्रणाली का दीप प्रज्वलन कर सिस्टम पर क्लिक कर शुभारंभ किया गया।

### जानिए क्या है ईआरपी

ईआरपी को इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग कहते हैं। यह उद्योग, संसाधनों में उपयोग की जाने वाली एक प्रणाली है। इसमें साफ्टवेयर सिस्टम और तकनीक होती है जिसमें कंपनियों की ओर से व्यवसाय का डाटा एकत्रित करने की मदद के लिए लागू किया जाता है। कई व्यावसायिक उद्योगों में इसका उपयोग होता है, ताकि बिजनेस को और गति दी जा सके। इसमें डाटा का एक ही जगह संग्रहित कर रखा जाता है। प्रतिदिन की गतिविधियों को इसमें समाहित किया जाता है। लेखा, खरीद, फरोख्त सहित अन्य डाटा सुरक्षित तरीके से संरक्षित रहता है।



नेपा मिल में ईआरपी सिस्टम लगा। सीएमडी ने सिस्टम पर क्लिक कर इसका शुभारंभ किया।

### आधुनिक कार्यप्रणाली का क्रियान्वयन करेगी सबसे पुरानी मिल

इस दौरान अध्यक्ष सह प्रबंध निदेश कमोडोर सौरभ देब ने कहा ईआरपी आधुनिक कार्यप्रणाली के क्रियान्वयन के साथ एशिया महाद्वीप की सबसे पुरानी मिल को नए जमाने के नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी के साथ कदमताल करने की दिशा में अग्रसर होने पर सभी को शुभकामनाएं। अब मिल आधुनिक कार्यप्रणाली का क्रियान्वयन करेगी। विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक तकनीकी आर अलागेशन ने कहा ईआरपी प्रणाली को आधुनिक उद्योग जगत में पारदर्शिता और प्रमाणिकता का एक सशक्त माध्यम माना जाता है। संस्था में हम कम्प्यूटर स्वचलित प्रणाली द्वारा विश्वसनीय और सटीक डाटा विश्लेषण के साथ मानवीय त्रुटियों से परे कार्य की प्रभावकारिता, गुणवत्ता और अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित कर सकेंगे। इस दौरान प्रबंधक कार्मिक प्रशासन महेंद्र केसरी, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर, सीएल वर्मा, सुब्राजीत दास, विजय भामरे, विवेकानंद बरोले, प्रशांत बैथालू, ओपी शुक्ला, निलेश पाटिल सहित मिल के विभिन्न विभागों में कार्यरत अफसर व कर्मचारी मौजूद थे।

### एशिया की सबसे पुरानी है नेपा मिल

नेपा मिल एशिया की सबसे पुरानी मिल है। यहां पहले रिनोवेशन का काम चला। 23 अगस्त 2022 को यह दोबारा अपने अस्तित्व में आई है और यहां बेहतर तरीके से कागज उत्पादन हो रहा है। यहां आधुनिक मशीनें तो लगी है ही। साथ ही अब मिल ने आधुनिकता की दिशा में नया कदम ईआरपी प्रणाली से आगे बढ़ाया है। इससे मिल को खासा फायदा होगा।